(c) the assistance given for these projects during the last three years, year-wise?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL AREAS & EMPLOYMENT (DEPARTMENT OF RURAL DEVELOPMENT (SHRI UTTAMBHAI PATEL): (a) The scheme of TRYSEM (Training of Rural Youth for Self Employment) is being implemented in the entire State of Gujarat and the Central Share of funds are released for the State as a whole and not Districtwise. The assistance to the State is provided on 50:50 basis.

(b) and (c) Physical and financial progress of the Scheme during the last three years in the State of Gujarat is indicated as under:

Year	No. of trained youth self employed	Central Assistance released (in lakh)
1992-93	4168	102.65
1993-94	3382	157.24
1994-95	2876 (upto Feb. 1995)	195.67

गुजरात में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की योजना

6510. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे:**
श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्रीय सरकार आठवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक गुजरात में स्वच्छ पेयजल का कम से कम एक स्त्रोत उपलब्ध कराने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी, जिलावार, ब्यौरा क्या है; और

(ग) राज्य में अनुमानत: प्रतिदिन प्रति व्यक्ति कितने पेयजल की आवश्यकता होती है?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल): (क) जी हां।

(ख) योजनाओं की जिला-वार आयोजना और कार्यान्वयन राज्य स्तर पर किया जाता है।

(ग) वर्तमान मानदण्ड 40 लिटर प्रतिदिन प्रति व्यक्ति स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का है।

गुजरात में ट्राइसेम कार्यक्रम की उपलब्धियां

6511. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों में गुजरात के बड़ोदरा, भरुच, सूरत, अहमदाबाद और पंचमहाल जिलों में ट्राइसेम कार्यक्रम की क्या उपलब्धियां रही हैं;

(ख) क्या सरकार ने उक्त जिलों में इस कार्यक्रम की कोई समीक्षा की है; और

(ग) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले है और उक्त जिलों में इन कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से चलाने के लिये क्या दिशानिर्देश जारी किये गये है?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल): (क) ट्राइसेम कार्यक्रम राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों जो अपनी समग्र उपलब्धियों को पूरे राज्य/संघ शासित क्षेत्र के लिए भेजते हैं न कि जिलावार, की मार्फत कार्यान्वित किया जा रहा है। गुजरात राज्य में गत 3 वर्षों के दौरान ट्राइसेम कार्यक्रम की उपलब्धियां संलग्न विवरण में दी गई है।

(ख) ट्राइसेम कार्यक्रम के कार्यान्वयन का प्रभावी ढंग से मूल्यांकन करने के लिए जून से अगस्त 1993 के दौरान 10 राज्यों में "ट्राइसेम का शीघ्र मूल्यांकन" कराया गया था। उपरोक्त मूल्यांकन के अंतर्गत गुजरात राज्य के चार जिलों अर्थात बनासकांठा भड़ौच, डांग और सुरेन्द्रनगर को कवर किया गया था। गुजरात राज्य में मूल्यांकन के मुख्य निष्कर्ष नीचे दिए गए हैं:—

(1) गुजरात राज्य में छोटे स्तर पर क्षेत्र दक्षता सर्वेक्षण करवाया गया था।

(2) ट्राइसेम प्रशिक्षण के बाद सामाजिक आर्थिक परिस्थितियों में सुधार के आधार पर लाभार्थियों का प्रतिशत वितरण 17.50 प्रतिशत था।

(3) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों से संबंधित लाभार्थियों का प्रतिशत वितरण क्रमशः 13.75%, 35% और 12.50% था।

(4) रोजगार स्थिति के आधार पर लाभार्थियों का प्रतिशत विवरण 21.25% (कृषि क्षेत्र में), 25% (गैर-कृषि क्षेत्र में) और 27.50% (मजदूरी रोजगार) था।

(ग) मार्गदर्शिकाओं में ऐसा प्रावधान है कि समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत ट्राइसेम प्रशिक्षार्थी को सहायता हेतु उनके ऋण आवेदन पर प्रशिक्षण के दौरान ही कार्रवाई की जानी चाहिए और उनको पूरा किया जाना चाहिए ताकि पाठ्यक्रम के पूरा होने के तत्काल बाद ऋण वितरित किए जा सकें। उनको निवेश के उच्च स्तरों का अनुपालन करने की भी सलाह दी गई है।

विवरण

वर्ष	प्रशिक्षित युवाओं की संख्या	स्वरोजगार में लगे प्रशिक्षित युवाओं की संख्या	मजदूरी रोजगार में लगे प्रशिक्षित युवाओं की संख्या	प्रशिक्षित युवाओं में अनुसूचित जाति/जनजाति की संख्या	प्रशिक्षित युवाओं में महिलाओं की संख्या	प्रशिक्षित युवाओं में विकलांगों की संख्या
1992-93	11209	4168	1350	6565	4711	35
1993-94	112037	3382	1248	6749	4336	40
1994-95	8027	2876	798	4247	3978	13

(फरवरी, 1995 तक)

Wasteland Development in Karnataka

6512. SHRI K. RAHMAN KHAN: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what is the total extent of wasteland in Karnataka which could be brought under cultivation;

(b) what is the total Central assistance given to Karnataka for utilisation of wasteland for cultivation during 1992-93, 1993-94 and 1994-95;

(c) the area of wasteland in Karnataka which has been brought under cultivation during 1992-93, 1993-94 and 1994-95; and

(d) whether the State has used the entire assistance along with the amount spent by the state for wasteland and development during 1992-93, 1993-94 and 1994-95?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL AREAS AND EMPLOYMENT (DEPARTMENT OF WASTELANDS DEVELOPMENT) (COL. RAM SINGH): (a) to (d) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

People Suffering from Arsenic Contamination of Water in West Bengal

6513. SHRI JOYANTA ROY: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a large number of people in various districts of West Bengal have become the victims of arsenic contamination through consumption of ground water; and

(b) if so, what precautionary measures Government have taken so far?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL AREAS AND EMPLOYMENT (DEPARTMENT OF